गुजरात में हिंसा से बिहार के गांव में पसरा है मातम

पिछले चार दिनों से कई घरों में नही जले है चूल्हे..

शेखपुरा। बिहार के शेखपुरा जिले के मेहसौना गांव का गुजरात के मेहसाणा से गहरा नाता रहा है।इस गांव का शायद ही कोई घर ऐसा है जिस घर के लड़के कमाने के लिए गुजरात नही गए है।स्थिति है कि इस गांव में 15 से 16 साल का होते ही लड़के कमाने के लिए गुजरात चले जाते है।लेकिन पिछले चार पांच दिन से जब से गुजरात के हालात खराब हुए है यहां के कई घरों में चूल्हे तक नही जले है।गांव के 14 लड़के किसी तरह जान बचाकर गुजरात से भाग कर आये है इन लड़को ने जो आपबीती बताई है उसके बाद तो परिवार वाले और भी खौफजदा है।

गुजरात मे भड़की हिंसा का असर वहां से 1964 किलोमीटर दूर बिहार के शेखपुरा जिले के मेहसौना गांव में साफ तौर पर देखा जा सकता है। जबसे गुजरात मे हिंसा भड़की है इस गांव में मातम पसरा है।हर हाथ मे मोबाइल है ,मोबाइल की घंटी बजने के साथ ही दिलो की धड़कन भी बढ़ जाती हैं।एक अनजाना सा खौफ गांव की हर महिला और पुरुष के चेहरे पर हैं।अब आप सोच रहे होंगे कि गुजरात का असर आखिर बिहार के इस गांव पर कैसे और क्यो? तो आपको बताते दे कि इस गांब के करीब हर घर का एक लड़का गुजरात कमाने जाता है। लेकिन जबसे गुजरात मे हिंसा भड़की है इस गांव में हर मा बाप के चेहरे पर चिंता की लकीरें साफ तौर पर देखी जा सकती है।

मेहसौना गांव से ही करीब 60 से 65 लड़के गुजरात मे वर्षो से कमा रहे है। इनमे ज्यादातर मेहसाणा और उसके आसपास के कंपनियों में काम करते है।

जब न्यूज़ 24 की टीम इस गांव में पहुंचती है तो गांव के कई बुजुर्ग युवा और महिलाएं हमे घेर लेती है इन्हें लगता है कि हमे सरकार ने इनके बच्चो की खातिर भेजा है।लेकिन जब हमने उन्हें बताया कि हम मीडिया से है तो नम आंखों से अपना दर्द बयान करते है। नीरज सोमवार को ही अपनें गांव के दस बारह लड़को के साथ गुजरात से किसी तरह जान बचाकर भागा है। उसके साथ चार पांच अन्य लड़के भी है जो गुजरात मे उसके साथ कंपनी में काम करते है।

सभी ने बताया कि उनके साथ कितनी ज्यादती हुई है और कैसे वे जान बचाकर भागे है सारा सामान वही छोड़ दिया। ब्रह्मदेव चौहान के घर पिछले चार दिनों से चूल्हा नही जला है।ब्रह्मदेव के चार लड़के है चारो अहमदाबाद के पास एक प्लास्टिक कंपनी में काम करते है। चारो अभी वही फंसे हुए है फोन पर कुछ देर के लिए बात होती है लेकिन न तो उन्हें भरपेट खाना मिलता है और न ही बाहर निकलने दिया जा रहा है। उन्हें कंपनी में ही बंधक बनाकर रखा गया है।कंपनी से बाहर मालिक के लोग तैनात है। औलाद वहां भूखा है तो भला यहां मा बाप को खाना कैसे सुहाए...गांव के लोग किसी तरह समझा बुझाकर खाना खिलाने के कोशिश कर रहे है।

मुजफ्फरनगर में महिला से गैंगरेप

मुजफ्फरनगर। जिले के नसीरपुर गांव में दो व्यक्तियों ने 25 वर्षीय एक महिला को जबरन शराब पिलाकर कथित रूप से उसके साथ सामूहिक बलात्कार किया। पुलिस ने गुरुवार को यह जानकारी दी.थाना प्रभारी (एसएचओ) सूबे सिंह ने बताया कि दोनों व्यक्तियों ने खेत में मजदूरी के लिए महिला को काम पर रखा था। उन्होंने बताया कि बुधवार को उसे जबरन शराब पिलायी गयी और इसके बाद दोनों ने उसके साथ कथित रूप से बलात्कार किया। पुलिस ने बताया कि महिला को चिकित्सीय जांच के लिए भेजा गया है। उन्होंने बताया कि आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है और तलाश जारी है।

स्वयं-भू बाबा रामपाल हत्या के मामले में दोषी करार

हिसार। स्थानीय अदालत ने हत्या के दो मामलों में स्वयं-भू बाबा रामपाल को गुरुवार को दोषी करार दिया. हिसार के अतिरिक्त जिला और सत्र न्यायाधीश डी. आर. चालिया ने रामपाल और उसके कुछ अनुयायियों को इन मामलों में दोषी ठहराया. इन मामलों में सजा 16 और 17 अक्टूबर को सुनायी जाएगी।

पूनम ने शक्ति कपूर पर लगाये गंभीर आरोप

मुंबई। बॉलीवुड में इन दिनों मेटू का असर साफ देखने को मिल रहा है। अब हर कोई इस मुद्दे पर खुलकर बात कर रहा है। अब इस कड़ी में एक और हसीना का नाम जुड़ गया है। वो नाम है पूनम पांडे। पूनम बहुत जल्द शक्ति कपूर के साथ फिल्म द जर्नी ऑफ कर्मा में दिखाई देने वाली हैं। फिल्म की रिलीज से पहले पूनम भी तनुश्री का साथ देते हुए मेटू मूवमेंट में अपनी कहानी भी सभी के साथ साझा की है। पूनम ने सीनियर एक्टर के साथ शूटिंग के दौरान महसूस हुई असहजता का अनुभव साझा किया है। पूनम ने बताया है कि एक बड़े अभिनेता के साथ इंटीमेट सीन शूट करने में उन्हें काफी परेशानी हुई। बेड पर शूटिंग के दौरान पूनम को महसूस हुआ कि अभिनेता मौके का फायदा उठाते हुए रील लाइफ को भूलकर रियल लाइफ में पहुंच गया। इस दौरान उस अभिनेता ने सारी हदें पार कर दीं। पूनम इस वाकया को भूला तो नहीं पाई लेकिन वो इस अभिनेता का फिर से सामना नहीं करना चाहती थीं। इसके लिए वो हफ्ते भर पहले फिल्म के ट्रेलर लॉन्चिंग में भी नहीं पहुंचीं। इससे पहले वो इस फिल्म के पोस्टर लॉन्चिंग में भी शामिल नहीं हुई थीं।

बंद होने वाला है गूगल, अपना अकाउंट डीलिट करने के लिए अपनाएं ये टिप्स

नयी दिल्ली। गूगल अपने बेहतरीन सोशल मीडिया नेटवर्क गूगल+ को बंद करने जा रहा है. दरअसल, गूगल+ को बंद करने का फैसला एक बग के चलते करीब पांच लाख यूजर्स के डेटा में सेंध की आशंका के चलते लिया गया है. बताया जा रहा है कि यह बग सिस्टम में दो साल से मौजूद था और बाहरी डेवलपर्स के चलते आया. गूगल के प्रोजेक्ट स्टोब द्वारा पाए गए विश्लेषण के अनुसार गूगल प्लस को बंद करने के पीछे का कारण यह है कि गूगल अपने प्रोडक्ट को सफलतापूर्वक बढ़ा नहीं पाया। इसमें यूजर्स के नाम व इमेल एड्रेस समेत कई निजी जानकारी लीक होने की खबर मिली थी. इस तरह के मामलों को देखते हुए गूगल ने गूगल+ को बंद करने का फैसला लिया है।

गूगल के एक प्रवक्ता ने 'गूगल+' को बंद करने की मुख्य वजह बताते हुए कहा कि गूगल+ को बनाने से लेकर प्रबंधन में काफी चुनौतियां थी जिसे ग्राहकों के आशा के अनुरूप तैयार किया गया था लेकिन इसका कम इस्तेमाल किया जाता था. गूगल के मुताबिक, गूगल+ को बंद होने में अभी करीब 10 महीने का समय लग सकता है। ऐसे में अगर आप आपना गूगल+ अकाउंट डिलीट करना चाहते हैं तो इसके लिए आपको कुछ स्टेप्स फॉलो करने होंगे।

काबूल में सेना ने मार गिराए आईएस के 10 आतंकवादी

काबुल। अफगानिस्तान की खुफिया सेना के विशेष दस्ते की ओर से पूर्वी नंगरहार इलाके में आतंकवादियों के खिलाफ चलाए गए अभियान में इस्लामिक स्टेट ऑफ ईराक के कम से कम10 आतंकवादी मारे गए हैं। अफगानिस्तान टाइम्स में छपी खबर के मुताबिक, नंगरहार के गवर्नर अत्ताउल्लाह खोगयनी ने कहा, राष्ट्रीय सुरक्षा निदेशालय के विशेष दस्ते ने बुधवार रात नंगरहार में आईएस के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जिसमें 10 आतंकवादी मारे गए हैं। उन्होंने बताया, खुफिया दस्ते की इस अभियान के दौरान वायु सेना ने भी मदद की। उन्होंने बताया कि इस अभियान में मारे गए आतंकवादी इलाके में किसी विध्वंसकारी गतिविधि को अंजाम देने की योजना बना रहे थे।

हिमाचल में सड़क हादसा, मंत्री के भाई सहित चार की मौत

शिमला। हिमाचल प्रदेश के शिमला जिले में जुब्बल और कोटखाई के निकट छला पुल से बुधवार देर शाम एक वाहन के गहरी खाई में गिर गया। इसमें सवार राज्य के शिक्षा मंत्री सुरेश भारद्वाज के छोटे भाई नित्यानंद भारद्वाज समेत चार लोगों की मौत हो गई, जबकि नौ अन्य घायल हुए हैं।

शिमला के पुलिस अधीक्षक उमापति जामवाल ने बताया कि वाहन में सवार लोग चडयाणा में एक शादी समारोह में भाग लेने जा रहे थे। उन्होंने बताया कि अन्य मृतकों की शिनाख्त 55 वर्षीय मनमोहन, 61 वर्षीय अनिल और 55 वर्षीय केवल के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ा। घायलों में कुछ को आईजीएमसी शिमला तथा थियोग के क्षेत्रीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार चालक तेज गति से वाहन चला रहा था और यह पुल पार करते हुए संतुलन खो बैठा, जिससे वाहन रेलिंग तो? कर नीचे गहरी खड्ड में जा गिरा। घटना की सूचना मिलते ही जुब्बल, कोटखाई और गुम्मा से राहत एवं बचाव दल मौके पर पहुंचा तथा हताहतों को निकाल कर अस्पताल पहुंचाया।

सुप्रीम कोर्ट का दिल्ली के लिए बड़ा आदेश

15 दिन में बंद हों रिहायशी इलाकों में चल रही फैक्ट्रियां

नयी दिल्ली। दिल्ली में सीलिंग मामले पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने उपराज्यपाल अनिल बैजल को फटकार लगाई है. गुरुवार (11 अक्टूबर) को मामले की सुनवाई करते हुए कोर्ट ने कहा कि यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है कि 15 साल हो गए मॉनिटरिंग कमिटी को गठित करें हुए लेकिन आज भी दिल्ली में रिहायशी इलाकों में इंडस्ट्रियल यूनिट चल रही है. उपराज्यपाल अनिल बैजल को फटकार लगाते हुए कोर्ट ने कहा कि वह कोर्ट को आश्वस्त करें की जितने भी रिहायशी इलाके हैं जहां अवैध तरीके से इंडस्ट्रियल यूनिट चल रहे हैं उन्हें 15 दिन के अंदर सील किया जाए।

31 जनवरी को सुनवाई के दौरान कोर्ट ने डीडीए और अन्य पार्टियों से दिल्ली का मास्टर प्लान लाने के निर्देश दिए थे. अदालत ने कहा था कि अगर एक बार यह मान लिया जाए कि मॉनिटरिंग कमेटी को भंग कर दें तो क्या निगम ऐसे मामलों में कार्रवाई नहीं कर सकता?

उल्लेखनीय है कि इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने पिछली सुनवाई में दिल्ली सरकार को फटकार लगाई थी. कोर्ट ने दिल्ली सीलिंग पर सख्त रुख अपनाते हुए कहा था कि पूरी दिल्ली में अवैध निर्माण हो रहा है. कोर्ट ने दिल्ली सरकार और नगर निगम से कहा कि आप लोग दिल्ली में तबाही का इंतजार कर रहे हैं। दिल्ली में सीलिंग का मामला अब राजनैतिक रूख ले चुका है. दिल्ली सरकार पर कांग्रेस लगातार सीलिंग के मुद्दे पर आरोप लगा रही है. पिछले दिनों कांग्रेस ने सीलिंग के मुद्दे पर बड़ा खुलासा करते हुए कहा था कि एमसीडी द्वारा साउथ दिल्ली की लगभग 163 प्रॉपर्टी को सील किया गया था।

पति की मौत बर्दाश्त नहीं कर सकी पत्नी, अस्पताल की छत से छलांग लगा की खुदकुशी

पटना राजधानी स्थित एक अस्पताल में पति की इलाज के दौरान मौत हो जाने पर पत्नी द्वारा अस्पताल की छत से कूद कर खुदकुशी कर लिये जाने का मामला प्रकाश में आया है. घटना गुरुवार की सुबह की है. घटना के बाद अस्पताल के आसपास अफ़रातफ़री का माहौल उत्पन्न हो गया. सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. जानकारी के मुताबिक, राजधानी स्थित एक जाने-माने अस्पताल में जमुई निवासी सनोज कुमार को इलाज के चार दिनों पूर्व भर्ती कराया गया था. पेशे से मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव सनोज कुमार को लिवर में इंफेक्शन था. इलाज के दौरान गुरुवार की सुबह करीब 05रू10 बजे सनोज को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया. इसके बाद पति का इलाज कराने के लिए साथ आयी पत्नी अपने पति की मौत का सदमा बर्दाश्त नहीं कर पायी. वह अस्पताल की छत पर पहुंची और कूद कर जान दे दी. अस्पताल की छत से महिला की कूद कर जान दिये जाने के बाद आसपास लोगों की भीड़ जमा हो गयी. अस्पताल परिसर के आसपास अफ़रातफ़री का माहौल कायम हो गया. घटना की सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

शोपियां में आतंकियों ने की हुर्रियत कार्यकर्ता की हत्या

श्रीनगर। दक्षिण कश्मीर में आतंकवादियों ने हुर्रियत कार्यकर्ता की गोली मारकर हत्या कर दी। घटना शोपियां के मिमिन्दर क्षेत्र की है। कुछ अज्ञात बंदूकधारियों ने हुर्रियत कार्यकर्ता और पूर्व आतंकवादी तारिक अहमद गनई को उसके घर के बाहर शूट कर दिया। जानकारी के अनुसार गनई हमले में बुरी तरह से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने उसे फौरन अस्पताल पहुंचाया पर उसने अपने घावों का ताव न सहते हुये दम तोड़ दिया। पुलिस ने घटना की पुष्टि की है और कहा कि मामले की जांच की जा रही है।

मजोरका द्वीप पर अचानक आई बाढ़ से 9 लोगों की मौत

मैड्रिड। स्पेन के मजोरका द्वीप पर अचानक आई बाढ़ में कम से कम 9 लोगों की मौत हो गईऔर कई अन्य लापता हैं। जानकारी के अनुसार भारी बारिश के बाद नदी के तटबंध के टूटने से पूर्वी शहर सैंट लारेंस डी कारडासार में कीचड़ युक्त पानी की लहरें घुस गई। स्पेन की क्षेत्रीय सरकार ने कहा कि 400 आपातकालीन कर्मचारियों को लापता लोगों की तलाश और बाढ से प्रभावित लोगों की मदद के लिए लगाया गया है। सेना ने बचाव कार्यों में मदद के लिए खोजी कुत्तों के साथ 100 से अधिक आपातकालीन कर्मचारियों को तैनात किया है। सरकार के एक प्रवक्ता ने बताया कि कम से कम 6 लोगों के लापता होने की जानकारी मिली है। नदी के पानी के बहाव में कई वाहन बह कर दूर चले गए हैं। पड़ोसी द्वीप इबीजा और फोरमेटेरा में भारी बारिश और तूफान की आशंका जताते हुए चेतावनी जारी की गई है।

अमेरिका से तंग चीन ने मांगा भारत का साथ

बीजिंग। अमेरिका से चल रहे कारोबारी विवाद से तंग चीन ने भारत से सहयोग मांगा है। बुधवार को भारत में चीनी दूतावास के प्रवक्ता काउंसलर जी रॉन्ग ने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा और उचित तरीके से कारोबार के नाम पर एकतरफा ढंग से व्यापार में संरक्षणवाद से न केवल चीन की आर्थिक वृद्धि प्रभावित हो रही है, बल्कि इससे भारत की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के रास्ते में भी अड़चनें आ रही हैं। रॉन्ग ने कहा, दो सबसे बड़ी विकासशील और उभरती अर्थव्यवस्थाएं चीन और भारत सुधार के महत्वपूर्ण चरण में हैं। दोनों को एक स्थिर बाहरी माहौल की जरूरत है.श् उनसे चीन और अमेरिका के बीच व्यापार को लेकर विवाद के बारे में पूछा गया था। पिछले महीने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चीन के 200 अरब डॉलर के आयात पर अतिरिक्त शुल्क लगाया था। इसके जवाब में चीन ने भी अमेरिका के 60 अरब डॉलर के आयात पर शुल्क लगाने की घोषणा की थी। अमेरिका ने चेताया है कि अगर चीन फिर से जवाबी कदम उठाता है, तो वह चीन के 260 अरब डॉलर के और उत्पादों पर अतिरिक्त आयात शुल्क लगाएगा। ऐसे में चीनी दूतावास के प्रवक्ता ने कहा, मौजूदा परिस्थितियों में चीन और भारत को आपसी सहयोग को और मजबूत करने की जरूरत है ताकि वे व्यापार में संरक्षणवाद का मुकाबला कर सकें।

मंदिर के बाद अब मस्जिदों में प्रवेश के लिए मुस्लिम महिलाओं ने उठाई आवाज

तिरुवनंतपुरम। पिछले महीने देश की सबसे बडी अदालत ने केरल स्थित सबरीमाला मंदिर में सभी आयु वर्ग की महिलाओं को प्रवेश की अनुमति दी थी। सुप्रीम कोर्ट के इस निर्णय से मुस्लिम महिलाओं को भी प्रेरणा मिली है। केरल का मुस्लिम महिला संगठन ने अब मस्जिदों में महिलाओं के प्रवेश को लेकर कानूनी लड़ाई लडने का मन बनाया है।

यह संगठन अपनी मांग को लेकर सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाने की तैयारी कर रहा है। प्रगतिशील महिला मंच नाम का यह संगठन न केवल मस्जिदों में महिलाओं को इबादत करने की मांग करेगा बल्कि 'इमामों' के रूप में उन्हें नियुक्त किए जाने के लिए भी कानूनी रास्ते अपनाएगा। वकीलों से विचार विमर्श करने के बाद जल्द ही इस संबंध में एक याचिका सुप्रीम कोर्ट में दायर की जाएगी।

महिला संगठन का कहना है कि पैगंबर मोहम्मद ने खुद अपनी पत्नी को मस्जिद में जाने की अनुमति दी थी। गौरतलब है कि 28 सितंबर को सुप्रीम कोर्ट ने फैसला दिया था, जिसमें महिलाओं को मंदिर में प्रवेश की अनुमति दी गई थी। सुप्रीम कोर्ट के फैसले से सबरीमाला मंदिर में 10 से 50 साल की महिलाओं के प्रवेश पर लगी रोक हट गई। हालांकि अदालत के आदेश को लागू करने के सरकार के फैसले के खिलाफ अयप्पा श्रद्धालु प्रदर्शन कर रहे हैं। इसके अलावा विपक्षी कांग्रेस और बीजेपी ने भी एलडीएफ सरकार के रूख का खुलकर विरोध किया है।

गोरखपुर में ट्रेन के 4 डिब्बे पटरी से उतरे

लखनऊ। उत्तरप्रदेश में 48 घंटों के भीतर दूसरा ट्रेन हादसा हो गया। उत्तर प्रदेश के गोरखपुर में डोमिनगढ़ स्टेशन के पास गुरुवार को हावडा से काठगोदाम जा रही बाघ एक्सप्रेस के चार डिब्बे पटरी से उतर गए। संयोग ठीक रहा कि किसी की मौत नहीं हुई। रेलवे के अफसर मौके पर पहुंच गए हैं। ट्रेन खाली हो गई है। उसे पटरी पर लाने की तैयारी चल रही है।

यूपी में एक दिन पहले बुधवार को न्यू फरक्का एक्सप्रेस के पटरी से उतरने से कम से कम 8 लोगों की मौत हो गई थी तथा करीब 24 अन्य घायल हो गए। पश्चिम बंगाल के मालदा टाउन स्टेशन से नई दिल्ली जा रही ट्रेन का इंजन और आठ डिब्बे बुधवार की सुबह करीब छह बजे उत्तर प्रदेश के रायबरेली जिले में हरचन्दपुर के बाबापुर के पास पटरी से उतर गए थे। इस हादसे में पांच यात्रियों अजय कुमार पुरी (45), अनीता (45), शम्भू (20), रीता (एक) तथा दिनेश (दो) की मौत हो गई।

फ्लोरिडा में माइकल तूफान ने ली एक की जान

पनामा। सिटी फ्लोरिडा में माइकल तूफान की वजह से एक शख्स की मौत हो गई। प्रांतीय राजधानी तल्लाहस्सी के पश्चिम में गैड्सडेन काउंटी के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। इस शक्तिशाली तूफान की वजह से हुई पहली मौत की आधिकारिक पुष्टि की गई है। तूफान माइकल बुधवार को फ्लोरिडा के तट पर पहुंचा और इसे बीते 100 सालों से ज्यादा समय में इस दक्षिणी अमेरिकी राज्य में दस्तक देने वाला सबसे भयावह तूफान माना जा रहा है। अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि यह ''अकल्पनीय तबाही'' मचा सकता है। गैड्सडेन काउंटी बोर्ड ऑफ काउंटी कमिश्नर्स की जन सूचना अधिकारी ओलीविया स्मिथ ने कहा कि तूफान से संबंधित एक मौत हुई है। कई जगह तूफान की वजह से इमारतों को नुकसान की भी खबर है।

पुलिस निगरानी में रहेंगे आम्रपाली निदेशक

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने आम्रपाली समूह के सीएमडी सहित तीन निदेशकों के खिलाफ अवमानना नोटिस जारी कर उनसे चार सप्ताह में जवाब मांगा। कोर्ट ने आम्रपाली समूह के तीन निदेशकों को शुक्रवार सुबह आठ बजे से पहले नोएडा सेक्टर 62 के थाना प्रभारी के सामने पेश होने का निर्देश दिया। शीर्ष अदालत ने नोएडा के एसएसपी को आम्रपाली के तीन निदेशकों को शाम छह बजे के बाद होटल पार्क एसेंट ले जाने का निर्देश दिया जहां उनके मोबाइल फोन जब्त किये जाएंगे। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि तीन निदेशक पुलिस हवालात की बजाय अगले 15 दिन तक सेक्टर-62 के होटल पार्क एसेन्ट में रात गुजारेंगे। कोर्ट ने कहा कि आम्रपाली के तीन निदेशक हमेशा पुलिस निगरानी में रहेंगे। अदालत ने नोएडा पुलिस को निर्देश दिया कि आम्रपाली समूह के तीनों निदेशकों को उन सील की गई संपत्तियों पर ले जाया जाये जहां जब्त किये गये दस्तावेज सूचीबद्ध करके रखे जाएंगे। कोर्ट ने अगले 15 दिनों में दस्तावेजों को सूचीबद्ध करने के लिए सुबह आठ से शाम छह बजे तक सील की गई संपत्तियां खोलने के निर्देश दिये। अदालत ने कहा कि कुर्क संपत्ति को पुलिस और फॉरेंसिक ऑडिटरों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में खोला जाएगा।आम्रपाली समूह ने गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट को सूचित किया कि उसकी नोएडा, ग्रेटर नोएडा और बिहार के राजगीर तथा बक्सर स्थित नौ संपत्तियों को शीर्ष अदालत के आदेशानुसार सील कर दिया गया है।

स्वामी ज्ञानमंडल लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामअवतार यादव द्वारा आज यंत्रालय १/३ बी.महात्मा गांधी मार्ग आगरा से मुद्रित एवं प्रकाशित

सम्पादक
शार्दूल विक्रम गुप्त

स्थानीय सम्पादक
आर.बी.सिंह यादव
स्वत्वाधिकारी ज्ञानमण्डल लिमिटेड

वाराणसी- संत कबीर मार्ग
गोरखपुर- बैंक रोड
इलाहाबाद- ३ लीडर रोड
कानपुर- बांसमंडी
लखनऊ- १, जापलिंग रोड
बरेली- परसाखेड़ा इन्डस्ट्रियल एरिया
पटना- फ्रेजर रोड
रांची - नामकुम इन्डस्ट्रियल एरिया
जमशेदपुर-न्यूकालीमाटीरोड साकची
धनबाद-कतरास रोड

वर्ष २८ पूर्णांक संख्या १११४१
रजिस्ट्रेशन संख्या - ४६१४२/८७
विज्ञापन फोन नं. -२८५३२२२, २५२१५१६, २५२०६९६
ajagra@rediffmail.com
ajagra1@gmail.com

पोस्टल रजिस्ट्रेशन संख्या - एल.जी. ५०५
पी.आर.वी. अधिनियम के अन्तर्गत समाचार चयन के लिए सम्पादक जिम्मेदार होंगे तथा समस्त विवाद आगरा न्यायालय के अधीन होंगे।